**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 05.11.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा युवक की फावड़े की जड़ से युवक के सिर पर मारकर हत्या करने वाले एक अन्य वांछित अभियुक्त (चचेरे भाई) को किया गया गिरफ्तार।**

**विवरण**- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने, वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 05.11.2025 को थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा चचेरे भाई की हत्या करने वाले एक अन्य वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि थाना तिन्दवारी क्षेत्र के ग्राम खौड़ा में दिनांक 02.11.2025 की सुबह दो पारिवारिक पक्षों के बीच भैस के द्वारा नांद में चारा खा लेने के मामूली विवाद में एक पक्ष द्वारा दूसरे पक्ष के युवक को फावड़े की जड़ से मारकर गम्भीर रुप से चोट पहुंचा दिया गया था जिसे परिजनों द्वारा उपचार हेतु अस्पताल ले जाते समय मृत्यु हो गई थी। तत्पश्चात मृतक की मां की तहरीर के पर अभियोग पंजीकृत करते हुए अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। जिसमें दिनांक 04.11.2025 को मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। आज दिनांक 05.11.2025 को एक अन्य वांछित अभियुक्त (चचेरे भाई) को थाना तिन्दवारी पुलिस द्वारा थाना तिन्दवारी क्षेत्र के सरेराह सड़क पपरेन्दा रोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

1. सुनीत कुमार पुत्र बड़कू निवासी खौड़ा थाना तिन्दवारी जनपद बांदा।

**पंजीकृत अभियोग-**

- मु0अ0सं0 265/25 धारा 105/352 बीएनएस थाना तिन्दवारी जनपद बांदा।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

1. प्र0निरी0 थाना तिन्दवारी श्री दीपेन्द्र कुमार सिंह
2. उ0नि0 श्री दिनेश कुमार
3. कां0 अनूप कुमार